# बिहार सरकार
# पथ निर्माण विभाग

**प्र0–10 / प्राक्क०–02–180 / 2025–6581 (S),पटना, दिनांक–23.07.2025 का प्रतिस्थानी आदेश :**

प्र0–11 / नाबार्ड (प्राक०)–06–19 / 2026 पटना, दिनांक :

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

सेवा में,

महालेखाकार बिहार,
पटना।

द्वारा :– वित्त विभाग।

**विषयः**– पथ प्रमंडल मधुबनी अन्तर्गत सिंघानिया चौक से सूडी हाई स्कूल भाया स्टेडियम महाराजगंज चौक–गांधी चौक तक (कुल लम्बाई 2.45 कि०मी०) PCC सड़क निर्माण कार्य हेतु कुल राशि ₹ 1752.65 लाख (सत्रह करोड़ बावन लाख पैंसठ हजार) रूपये मात्र की अनुमानित लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

**आदेशः**– पथ प्रमंडल मधुबनी अन्तर्गत सिंघानिया चौक से सूडी हाई स्कूल भाया स्टेडियम महाराजगंज चौक–गांधी चौक तक (कुल लम्बाई 2.45 कि०मी०) PCC सड़क निर्माण कार्य हेतु कुल राशि ₹ 1752.65 लाख (सत्रह करोड़ बावन लाख पैंसठ हजार) रूपये मात्र की अनुमानित लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. विषयगत कार्य की निविदा प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् सम्पादित किया जाएगा। अन्य विभागों से अधिग्रहित पथों के मामले में पथ का विधिवत हस्तानान्तरण के पश्चात् तथा यदि किसी पथ / पथांश से संबंधित विभाग द्वारा कार्य कराया गया है तो उसके DLP के बाद ही कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्य कराना सुनिश्चित किया जाय। पथ यदि OPRMC में संधारित किया जा रहा हो तो कार्य कराने के पूर्व OPRMC से विलोपित करना आवश्यक होगा।

3. विषयगत कार्य का वित्त पोषण बजट व्यय शीर्ष "5054 सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय – 03-राज्य राजमार्ग–337-सड़क निर्माण कार्य – 0124 – सड़क (यूआर्डडीएफ–एनएचबी) विपत्र कोड संख्या– "41–5054033370124" विस्तृत शीर्ष – 53–मुख्य कार्य, वस्तुगत शीर्ष – 01– मुख्य निर्माण कार्य " के अन्तर्गत विकलनीय होगी।

4. विषयगत कार्यों का कार्यान्वयन कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल मधुबनी द्वारा कराया जायेगा, जो इस निमित्त निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे तथा वे राशि की निकासी कोषागार, मधुबनी से करेंगे।

5. विषयगत कार्यों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धरित किया जाता है :–

| | वित्तीय लक्ष्य (लाख रू0 में) | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 2026-27 | 1752.65 | शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करना। |
| **कुल** | **1752.65** | |

6. मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, पटना विषयगत कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से प्रतिमाह समीक्षा करेंगे।

7. इसकी सूचना मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता उत्तर पथ निर्माण विभाग, पटना / मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग / अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा, पथ निर्माण विभाग / कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल मधुबनी को दे दी गई है।

8. प्रस्ताव पर स्थायी वित्त समिति की सहमति प्राप्त है।

9. वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 12888, दिनांक 03.12.2024 के आलोक में मूल प्रस्ताव पर माननीय विभागीय मंत्री महोदय की स्वीकृति संचिका के पृ० 09/टि० पर दिनांक–03.07.2025 को प्राप्त है।

10. प्रारूप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका के पृ0– 20/टि0 पर दिनांक–10.07.2026 को प्राप्त है।

ह०/–
**(दीपेश कुमार)**
**संयुक्त सचिव (प्र०को०),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

**प्र0–10/प्राक्क०–02–180/2025–6581 (S),पटना, दिनांक–23.07.2025 का प्रतिस्थानी आदेश :**

ज्ञाप संख्या :– प्र0–11/नाबार्ड (प्राक०)–06–19/2026 पटना, दिनांक :

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह०/–
**(दीपेश कुमार)**
**संयुक्त सचिव (प्र०को०),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

**प्र0–10/प्राक्क०–02–180/2025–6581 (S),पटना, दिनांक–23.07.2025 का प्रतिस्थानी आदेश :**

ज्ञाप संख्या :– प्र0–11/नाबार्ड (प्राक०)–06–19/2026 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि :– वित्त विभाग (आय–व्ययक शाखा), पटना/ प्रमंडलीय आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा/जिला पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह०/–
**(दीपेश कुमार)**
**संयुक्त सचिव (प्र०को०),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

**प्र0–10/प्राक्क०–02–180/2025–6581 (S),पटना, दिनांक–23.07.2025 का प्रतिस्थानी आदेश :**

ज्ञाप संख्या :– प्र0–11/नाबार्ड (प्राक०)–06–19/2026 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार पटना/अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन)/अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, पटना/मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, पटना/मुख्य अभियंता उत्तर, पथ निर्माण विभाग, पटना/ अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

2. मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा, पथ निर्माण विभाग विषयगत कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व डिजाईन, प्राक्कलन की जाँच के उपरान्त प्राक्कलन का प्रावैधिक स्वीकृति अविलम्ब प्रदान करेंगे।

3. कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल मधुबनी इस कार्य की मासिक वित्तीय एवं भौतिक प्रगति प्रतिवेदन नियमित रूप से अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन)/अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना /मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को भेजना सुनिश्चित करें।

ह०/–
**(दीपेश कुमार)**
**संयुक्त सचिव (प्र०को०),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

**प्र0–10 / प्राक्क०–02–180 / 2025–6581 (S),पटना, दिनांक–23.07.2025 का प्रतिस्थानी आदेश :**

ज्ञाप संख्या :– प्र0–11 / नाबार्ड (प्राक०)–06–19 / 2026 पटना, दिनांक –

प्रतिलिपि :–माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव / सचिव, पथ निर्माण विभाग / सरकार के विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार / संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग / आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना / अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / संयुक्त सचिव (प्र०को०), पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता (संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा), पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता (बजट एवं योजना), पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता (पथ संधारण), पथ निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता (सेतु प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग /अधीक्षण अभियंता (नाबार्ड, बाह्य सम्पोषित, राष्ट्रीय उच्च पथ ROB), पथ निर्माण विभाग / सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोठ / अभियंता प्रमुख (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ /अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का प्रकोष्ठ /कार्यपालक अभियंता (बजट)–1 पथ निर्माण विभाग / कार्यपालक अभियंता (बजट)–2 पथ निर्माण विभाग कार्यपालक अभियंता, (नाबार्ड, बाह्य सम्पोषित), पथ निर्माण विभाग / प्रशाखा पदाधिकारी, आय–व्ययक प्रशाखा–9 / प्रशाखा–10 एवं 11, पथ निर्माण विभाग, पटना /मीशु मनीषा कुमारी, पी०एम०यु० लीड, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ अग्रसारित।

ह० / –

**(दीपेश कुमार)**
**संयुक्त सचिव (प्र०को०),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**

**प्र0–10 / प्राक्क०–02–180 / 2025–6581 (S),पटना, दिनांक–23.07.2025 का प्रतिस्थानी आदेश :**

ज्ञाप संख्या :– प्र0–11 / नाबार्ड (प्राक०)–06–19 / 2026 5056(S) पटना, दिनांक – 21/07/26

प्रतिलिपि :–आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20.07.2026

**(दीपेश कुमार)**
**संयुक्त सचिव (प्र०को०),**
**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।**